हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 16 फरवरी 2026

06 मंदिरों में उमड़े शिवभक्त, सुबह से श्रद्धालुओं...



08 मुंडला बारोल में 1.39 करोड़ के हाई स्कूल भवन का...





### शिव मंदिर सजे, भक्तों का लगा तांता, ओम नमः शिवाय से गूंजे शिवालय

# सेहरा बांध दूल्हा बनकर निकले भगवान गुप्तेश्वर महादेव, नागरिकों ने पूजा-अर्चना कर की अगवानी






हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

महाशिवरात्रि का पर्व नगर सहित अंचल के ग्रामों में हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। शिव मंदिरो में सुबह से ही भक्तो की भीड़ लगी रही। भक्तो ने भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना कर रुद्राभिषेक भी किया। पूरे दिन नगर के शिवालय ओम नमः शिवाय के उच्चारण से गुंजायमान रहे। कई भक्तो ने इस दिन व्रत उपवास भी रखें।

नगर के प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से भगवान भोलेनाथ के मुखौटे को सेहरा बांधकर दूल्हे के रुप में सजा कर फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजित कर बारात निकाली गई। जिसका स्थान-स्थान पर नागरिको ने स्वागत किया व भोलेनाथ की अगवानी कर पूजन आरती की। गुप्तेश्वर मंदिर से सायं 4 बजे



भगवान भोलेनाथ की आरती उपरांत बारात का चल समारोह प्रारंभ हुआ। शिव की इस बारात में डीजे बेंड पर बज रहे सज रहे भोले बाबा निराले दूल्हे में,, देखो मेरे बाबा की आई है बारात, चलेंगे संग लेकर के भूतों की बारात,सजा दो घर को गुलशन सा... मेरे सरकार आए हैं। जैसे शिव भजनों पर युवा वर्ग सडको पर जमकर थिरक रहा था। वहीं भजन मंडली शिव भजनों की प्रस्तुतियां दे रही थी। शिव बारात में पुष्प वर्षा भी की जा रही थी। बारात किला रोड़, सावलिया नाथ मंदिर, अशोक मार्ग स्थित राधाकृष्ण मंदिर पहुँची जहा भगवान की आरती उतारी गयी। यहाँ से चोक बाजार, बडागणपति, पुलिस थाने के सामने से होती हुई छापीहेडा रोड से मॉ बगलामुखी मंदिर पहुँची जहॉ मॉ के दरवार में शिव का स्वागत हुआ। स्थान स्थान पर शिवभक्तो ने सवारी का स्वागत कर सभी भक्तों को फलाहारी खिचड़ी, ठंडाई आदि प्रसादी का वितरण भी किया गया। भगवान शिव की पालकी को देखने के लिए कई स्थानों पर सड़कों पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।जिनके द्वारा भी पूजन आरती की गई।

#### शिवालयों में लगा भक्तो का तांता

शिवरात्रि पर्व को लेकर नगर सहित अंचल के शिवालयो में भक्तो का तांता लगा रहा। मंदिरो में विशेष पुजा अर्चना के साथ अभिषेक का कार्यक्रम भी हुआ। नगर के गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर,मा बगलामुखी स्थित श्री इच्छापूर्ति महादेव मंदिर, त्रंबकेश्वर महादेव मंदिर, महाकाल मंदिर सहित बडागांव के भोगेश्वर महादेव, ताखला के तारकेश्वर महादेव, गोदलमऊ के नीलकंठेश्वर महादेव,लालुखेडी के जालेश्वर महादेव, धरोला के नटकेश्वर महादेव मंदिर में भी भक्तो की भीड लगी रही। सभी स्थानो पर भगवान भोलेनाथ का मनमोहक श्रृगांर किया गया। इसके पूर्व भक्तो ने शिवभक्ति में अपनी श्रद्धा के सुमन चढाते हुवे दूध, आंकडे के फूल, बिल्व पत्र,पूष्प भगवान को समर्पित किये। सभी स्थानों पर शिव मंदिर ओम नमः शिवाय के उच्चारण से गूंजायमान मान रहे। शिवरात्रि पर्व को लेकर सभी शिवमंदिरो की मनमोहक सजावट कर विद्युत रोशनी से जगमगाया गया। गुप्तेश्वर महादेव मंदिर सहित अनेक मंदिरो में फरियाली खिचडी व प्रसादी वितरण का क्रम भी दिन भर जारी रहा ।

### ब्रह्म मुहूर्त में हुई भोलेनाथ की वर निकासी



**नलखेड़ा।** महाशिवरात्रि पर्व पर ब्रह्म मुहूर्त में बाबा गुप्तेश्वर महादेव की वर निकासी हुई उसके पश्चयात सम्पूर्ण नगर में चल समारोह निकाला गया। रविवार को प्रातः 5.30 बजे श्रीराम संकीर्तन मंडल की प्रभातफेरी के पूर्व चौक बाजार स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर पर बाबा गुप्तेश्वर महादेव को दूल्हा बनाकर वर निकासी की गई। वर निकासी के बाद प्रभातफेरी में चल समारोह निकाला गया। जिसमें भक्तगण दूल्हा स्वरूप में बाबा के मुखोटे को सिर पर धारण कर चल रहे थे। साथ ही एक भक्त भगवान शिव का रूप धारण किये शामिल थे। चल समारोह में बड़ी संख्या में शामिल महिला व पुरुष भक्त ढोलक झांझ मंजीरे बजाते भजन गाते चल रहे थे। इन भजनों पर भक्त नृत्य भी कर रहे थे। चल समारोह के दौरान कई स्थानों पर बाबा का पूजन भी किया गया। स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## कल मनाया जाएगा मातृ-पितृ पूजन दिवस

**नलखेड़ा।** संत आशाराम बापू द्वारा प्रेरित श्री योग वेदान्त सेवा समिति नलखेड़ा के तत्वावधान मे मंगलवार को पिलवास रोड स्थित आश्रम पर भव्य मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा अपने माता-पिता अभिभावकों व गुरुजनों को तिलक लगाकर अक्षत व पुष्प चढाकर उनकी पूजा की जाएगी। कार्यक्रम मंगलवार दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक होंगा। कार्यक्रम के पश्चात भोजन प्रसादी की व्यवस्था आश्रम पर ही होगी। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष ये पर्व 14 फरवरी को पूरे विश्व मे मनाया जाता है। पाश्चयात संस्कृति के वेलेंटाइन डे नही मनाकर मातृ पितृ पूजन दिवस मानने की प्रेरणा संत आशाराम बापू के द्वारा मिली थी । समिति प्रवक्ता ने बताया कि जब माता-पिता के हृदय से आशीर्वाद मिलता है तब जो आत्मसंतोष होता है उसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता है।

### महाशिवरात्रि पर शिवालयों को पुष्पों व विद्युत रोशनी से सजाया गया, भोले की भक्ति में डूबा अंचल

# शिवालयों में अभिषेक,दर्शन, पूजन के लिए भक्त उमड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

महाशिवरात्रि पर्व पर सम्पूर्ण नगर सहित अंचल भोले बाबा की भक्ति में डूबा नजर आ रहा था। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के सभी शिवालयों में अभिषेक, पूजन व दर्शन के लिए भक्त उमड़ रहे थे।

कई शिवालयों में बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। सभी शिवालयों को पुष्पों व विद्युत रोशनी से सजाया गया था। जगह जगह प्रसादी वितरण किया जा रहा था। रविवार को महाशिवरात्रि के पर्व पर सुबह से शिवालयों में भक्त अभिषेक, पूजन व दर्शन के लिए पहुंचने लगे थे।यह सिलसिला दिनभर चलता रहा। इस दौरान शिवालय ओम नमः शिवाय से गूंजता रहा। भक्तों द्वारा भगवान शिव व माता पार्वती के विवाहोत्सव पर बाबा का दूध जल पंचामृत से अभिषेक भी किया गया। कई भक्तों द्वारा विल्बपत्र अक्षत नैवेद्य आदि से पूजन किया गया। नगर में स्थित श्री गुप्तेश्वर महादेव श्री नीलकंठेश्वर महादेव श्री इच्छापूर्ति





महादेव श्री सोमेश्वर महादेव श्री जयेश्वर महादेव मंदिर ग्राम ताखला स्थित श्री तारकेश्वर महादेव ग्राम गोंदलमऊ स्थित ग्यारह सौ ग्यारह शिवलिंग शिव मंदिर ग्राम लालूखेड़ी स्थित श्री जालेश्वर महादेव मंदिर ग्राम धरोला स्थित श्री नटकेश्वर महादेव मंदिर आदि शिवालयों में सुबह से देर रात तक दर्शनार्थ भक्तों का तांता लगा रहा।

नगर में श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर विद्युत मंडल कार्यालय परिसर में स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर नयापुरा स्थित श्री जयेश्वर महादेव मंदिर आदि स्थानों पर फरियाली खिचड़ी का प्रसादी वितरण किया गया।मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित श्री इच्छापूर्ति महादेव मंदिर नयापुरा स्थित श्री जयेश्वर महादेव मंदिर सहित कई शिवालयों में बाबा का आकर्षक श्रृंगार किया गया था। जिनके दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। सभी शिवालयों का पुष्पों व विद्युत रोशनी से आकर्षक श्रृंगार किया गया था।

## बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले में महा शिवरात्रि का पावन पर्व भव्य एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिले के प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र पूरे दिन ह्लहर-हर महादेवह्व एवं ह्लओम नमः शिवायह्व के जयकारों से गूंजता रहा। सुबह से ही जिले भर से श्रद्धालु दर्शन-पूजन हेतु मंदिर पहुंचे। देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ-साथ आसपास के जिलों से आए भक्तों ने भी बाबा बैजनाथ महादेव के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया, जिससे मंदिर परिसर एवं आसपास का वातावरण उत्सवमय दिखाई दिया। महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा बैजनाथ महादेव का प्रातःकालीन रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, सहित जनप्रतिनिधियों ने मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिव का विधिवत पूजन-अर्चन किया। प्रातःकालीन आरती के उपरांत श्रद्धालुओं ने मंदिर गर्भगृह के बाहर से ही दूल्हे के रूप में सजे बाबा बैजनाथ महादेव के दर्शन किए। आकर्षक श्रृंगार एवं साज-सज्जा भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा चाक-चौबंद व्यवस्थाएँ की गई थीं। सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण एवं सुगमता से दर्शन कर महा शिवरात्रि पर्व का आध्यात्मिक आनंद लिया।

## कलेक्टर-एसपी ने कुबेरेश्वर धाम की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक शुक्ला ने कुबेरेश्वर धाम पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा किया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने व्यवस्थाओं में निरंतरता बनाए रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि धाम परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग, यातायात नियंत्रण तथा स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित करे। कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग एवं धाम समिति आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान जिंप सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने दी 19 लाख की सौगात, नागरिकों ने किया स्वागत

# गंदगी फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी जरूरी: राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। वहीं शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने के लिए भी नगर पालिका का अमला सतर्क है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने शनिवार को शहर के वार्ड क्रमांक सात में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहाकि सड़क का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ समयसीमा पर किया जाए।

इस मौके पर उन्होंने 19 लाख से सीसी रोड के कार्य का यहां पर मौजूद क्षेत्रवासियों से भूमि पूजन कार्य का शुभारंभ कराया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहाकि गंदगी फैलाने वालों पर भारी जुर्माना और कड़ी निगरानी जरूरी, इसके लिए शहर में स्वच्छता मित्रतों के अलावा कचरा गाड़ी आदि लगाई गई है। वहीं नगर में लोगों को शुद्ध जल उपलब्ध हो इसके लिए भी नगर पालिका जल प्रभारी से चर्चा की। वार्ड क्रमांक सात के पार्षद विजेन्द्र परमार ने



बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष राठौर के द्वारा क्षेत्र अंतर्गत शिवाजी कालोनी, जितेन्द्र कुशवाह से मालवीय के घर तक शिव मंदिर से गोविन्द्र गीते तक एवं गोपाल कुशवाह से राम सिंह के तक सीसी रोड का निर्माण कार्य का भूमि पूजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्षद राजेश मांझी, नरेन्द्र राजपूत, अजय पाल सिंह राजपूत आदि शामिल थे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लड्डूमल चौधरी मनोनीत



**देवास।** अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज मूर्ति जगदीश मंदिर पंच खातियान पारमार्थिक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर चौधरी ने राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी एस वर्मा और राष्ट्रीय सचिव मिश्रीलाल चौधरी की सहमति से खाती समाज युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर लड्डूमल चौधरी को मनोनीत किया। समाजजनों ने लड्डू मल चौधरी को युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नियुक्ति पर मनोहर लाल मंडलोई पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर चौधरी, संगठन महामंत्री एडवोकेटेड बी .एस.वर्मा सचिव मिश्रीलाल चौधरी, देवास जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा इंदौर जिला अध्यक्ष योधराज पटेल, धर्मेंद्र चौधरी, जितेंद्र चौधरी, सोहन पटेल प्रकाश पटेल, राजू अकेला, संदीप चौधरी आदि ने शुभकामनाएं और बधाई दी।

### संदीपनि विद्यालय में बैठक हुई आयोजित

**चापडा।** संदीपनि शासकीय उत्कृष्ट




विद्यालय बागली में शनिवार को अभिभावक व छात्र सेमिनार बैठक आयोजित हुई। होनहार बच्चों के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम, यूनिट टेस्ट के परिणाम और एफएलएन वर्कबुक की पूर्णता आदि को उनके अभिभावक पालको व माता-पिता के सामने प्रस्तुत किया गया। साथ ही महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा भी की गई। प्राचार्य प्रकाश डाबी, सोनिया वर्मा, प्रधानाध्यापक माध्यमिक विंग विलाम वास्केल, प्रधानाध्यापक गोविंद सिंह राजपूत और सभी कक्षाओं के कक्षाध्यपको ने बैठक में अपने विचार रखे। प्राचार्य डाबी ने हरसंभव सहयोग का आश्वासन पालकों को दिया। सभी अभिभावकों पालकों को विद्यालय का भ्रमण कराया। प्राचार्य ने सभी अभिभावकों का सम्मान किया। साथ ही अभिभावकों ने शिक्षकों का भी पेन गिफ्ट देकर उनका मान सम्मान बढ़ाया। इस दौरान सोनिया वर्मा, विलाम सिंह वास्केल, गोविंद सिंह राजपूत, दीपक परिहार आदि उपस्थित रहे।

### श्री खेड़ापति मंदिर में किया दिव्य श्रृंगार

**देवास।** महापर्व महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 फरवरी को शहर के प्राचीन श्री खेड़ापति मंदिर में भगवान का अद्भुत एवं दिव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से सराबोर नजर आया। आयोजक मंदिर पुजारी दर्शन उपाध्याय ने बताया कि श्री खेड़ापति सरकार को भूतभावन भगवान भोलेनाथ के रूप में पंचमुखी हनुमान स्वरूप में विशेष रूप से सजाया गया। यह मनोहारी श्रृंगार रानीबाग निवासी गजू चावरे एवं आलोक बंजारे द्वारा भक्तिभाव से तैयार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर को रंग-बिरंगे पुष्पों, आकर्षक विद्युत सज्जा की।

महाशिवरात्रि: हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय, शाम को निकाली भव्य शिव बारात

# मंदिरों में उमड़े शिवभक्त, सुबह से श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें, भक्ति भाव से किया जलाभिषेक और चढ़ाए बिल्व पत्र









### बिलावली स्थित महाकालेश्वर मंदिर सहित शिवालयो में भक्तो का तांता, संस्था नमो नमो द्वारा निकाली गई भव्य शिव बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के साथ जिलेभर के शिवमंदिरों में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। रविवार सुबह से ही भक्त भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए कतारबद्ध हैं। मंदिरों में भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया गया। शिवालय हर-हर महादेव के जयघोष और श्री शिवाय नमस्तुभ्यम के मंत्रों से गुंजायमान हैं। भक्तों ने बिल्वपत्र, धतूरा, फूल और कमलगट्टे अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में प्रातः 6 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। मंदिर परिसर में महिलाओं, पुरुषों और युवाओं की अलग-अलग कतारें बनाई गई थीं। हाथों में पूजन सामग्री लिए भक्त अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। कई श्रद्धालु व्रत रखकर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचे थे। बेर, भांग, धतूरा, बेलपत्र और पुष्प अर्पित कर श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर के बाहर मेले जैसा दृश्य देखने को मिला। पूजन सामग्री की दुकानों पर सुबह से ही रौनक रही। प्रसाद, फूल-माला और शिवलिंग की छोटी प्रतिमाओं की खूब बिक्री हुई। बच्चों और महिलाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। कई श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचे तो कुछ कांवड़ में जल भरकर अभिषेक करने आए। विभिन्न सामाजिक संस्थाएं श्रद्धालुओं के लिए फलाहार, चाय, दूध और पानी का निःशुल्क वितरण कर रही हैं।

### संस्था नमो नमो ने निकाली शिव बारात, गजराज पर सवार हुए बाबा



**देवास।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नमो-नमो संस्था द्वारा लगातार 13वें वर्ष भव्य एवं अनूठी शिव बारात का आयोजन रविवार शाम को किया गया। शिव बारात शाम 7 बजे सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नागेश्वरी मंदिर पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा शिव बारात का भव्य स्वागत किया गया। संस्था संयोजक राजेश यादव, अध्यक्ष वरुण अग्रवाल एवं कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल चौधरी ने बताया कि इस वर्ष की शिव बारात को विशेष रूप से आकर्षक स्वरूप दिया गया। देश के विभिन्न राज्यों से कलाकार आयोजन में शामिल हुए। केरल की प्रसिद्ध ढोल पार्टी, गुजरात की महिलाओं की डमरू टोली, उत्तर प्रदेश की सजीव झांकियां, रतलाम की चलित झांकियां तथा बेरसिया के कलाकारों द्वारा देवताओं की जीवंत प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही। इस बार झाबुआ की वनवासी टोली ने भी विशेष प्रस्तुति दी। वहीं उज्जैन की शाही सवारी की तर्ज पर बाबा महाकाल की भव्य झांकी शिव बारात में शामिल हुई। विशेष रूप से गजराज पर सवार बाबा महाकाल की झांकी श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख आकर्षण केंद्र रही। शिव बारात में भगवान भोलेनाथ ने माता पार्वती को ब्याहने के लिए प्रस्थान किया जिसके सजीव दृश्य ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक आनंद से सराबोर किया।






### बिलावली मंदिर में की विशेष दर्शन व्यवस्था

प्रशासन ने प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की है। शहर से 7 किलोमीटर दूर स्थित 300 वर्ष प्राचीन श्री महाकालेश्वर बिलावली मंदिर में विशेष भीड़ देखी गई। मान्यता है कि यहां का शिवलिंग प्रतिवर्ष बढ़ता है और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसके अलावा बालगढ़ रोड़ का भोलेनाथ मंदिर, शंकरगढ़, नागदा केदार खो स्थित केदारेश्वर, मानस शिव मंदिर, खेड़ापति शिव मंदिर, सोमेश्वर महादेव मंदिर, सेनेश्वर महादेव, दुर्गेश्वरी माता मंदिर, उज्जैन रोड स्थित शिव मंदिर, श्री सिद्धेश्वर महांकाल, मां कैलादेवी मंदिर स्थित ज्योतिर्लिंग सहित शहरभर में स्थित सभी मंदिरों में भक्तों ने पूजा-अर्चना की। दर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी व्यवस्थित रूप से देखने को मिली।

### हजारों श्रद्धालुओं ने किए महादेव के दर्शन

बागली। महाशिवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के प्राचीन जटाशंकर तीर्थ स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर भगवान महादेव के दर्शन किए और विधि-विधान से जलाभिषेक कर आकर्षक श्रृंगार किया। पर्व के अवसर पर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गईं। क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु जटाशंकर पहुंचे और दिनभर दर्शन का क्रम जारी रहा। समीप नगर करनावद स्थित कर्णेश्वर महादेव मंदिर पर भी महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर में लंबी-लंबी कतारें देखी गईं और भक्तों ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। वहीं चापड़ा के बागली रोड स्थित ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। दिनभर श्रद्धालु भगवान के दर्शन और पूजन के लिए पहुंचते रहे। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी पूरे दिन खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। इसी तरह हाटपिपल्या मार्ग स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई, जहां भक्तों ने दर्शन के साथ प्रसादी ग्रहण की। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण रहा।

### महाशिवरात्रि पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**भौरासा।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर स्थित बाबा भंवरनाथ एवं भगवान मनकामेश्वर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। प्रातः 4 बजे से ही भक्तजन कतारों में लगकर दर्शन के लिए पहुंचने लगे। दिनभर मंदिर परिसर में "हर-हर महादेव" के जयघोष गूंजते रहे। देवास, इंदौर, महिदपुर, बड़नगर, सोनकच्छ, आष्टा, सीहोर, हाटपिपलिया, चापड़ा, नेवरी सहित आसपास के अनेक क्षेत्रों से श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर बाबा के दरबार में पहुंचे। मान्यता है कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है, इसी आस्था के साथ भक्तजन दर्शन कर शीश नवाते नजर आए। महाशिवरात्रि पर विशेष पूजन-अर्चन एवं अभिषेक का आयोजन किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष, पार्षद संजय जोशी एवं मनोज जोशी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बाबा का अभिषेक कराया गया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह ठाकुर, सीएमओ सविता सोनी एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। सभी ने नगर में सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। वहीं महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में भगवान मनकामेश्वर का बाबा महाकाल राजा के स्वरूप में आकर्षक एवं भव्य श्रृंगार अंकित चावड़ा एवं उनके इष्ट मित्रों द्वारा किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

### महाशिवरात्रि पर्व पर उमड़ा आस्था का सैलाब







थाना सिविल लाइन पुलिस ने किया हत्या का खुलासा

# आपसी विवाद में की थी सगे भाई ने भाई की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भाई ने आपसी विवाद के चलते अपने ही सगे भाई की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी भाई और उसके जीजा ने मिलकर घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरे मामले से पर्दा उठा दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 10 फरवरी 2026 की देर रात की है। अमलतास अस्पताल, देवास से सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना मिली कि रवि पिता राजाराम चौहान (30 वर्ष), निवासी ग्राम सिंगवादा पावर हाउस, को उसका भाई लखन चौहान और जीजा राहुल राजोरिया सडक़ दुर्घटना में घायल बताकर अस्पताल लाए हैं। उपचार के दौरान रवि चौहान की मृत्यु हो गई।इस सूचना पर सिविल लाइन थाने में मार्ग क्रमांक 07/2026, धारा 194 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। शव का पोस्टमार्टम एम.जी. अस्पताल, देवास में कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर प्रथम दृष्टया यह सामने आया कि रवि की मृत्यु सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किए जाने के कारण हुई है, जिससे मामला हत्या का प्रतीत हुआ। इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों से गहन पूछताछ की। पूछताछ में खुलासा हुआ कि 10 फरवरी 2026 की रात मृतक रवि चौहान का अपने भाई लखन चौहान से विवाद हुआ था। विवाद के दौरान आरोपी लखन ने घर में रखी लोहे की भारी वस्तु (मोगरी) से रवि के सिर पर 2-3 वार किए, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हत्या करने के बाद आरोपी लखन ने अपने जीजा राहुल राजोरिया को घटना की जानकारी दी। इसके बाद दोनों ने मिलकर रवि के शव को अमलतास अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए इसे सडक़ दुर्घटना बताया। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि राहुल को घटना की पूरी जानकारी थी, इसके बावजूद उसने अस्पताल में गलत सूचना दी। तथ्यों के आधार पर सिविल लाइन थाने में अपराध क्रमांक 75/2026, धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी लखन चौहान और राहुल राजोरिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जहां उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# कमलापुर थाना सिमटा, एक दर्जन गांव बागली में शामिल किए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कमलापुर




प्रशासनिक पुनर्सीमन के तहत एक बार फिर थाना सीमाओं में बड़ा बदलाव किया गया है। पहले 52 से 54 गांव के दायरे में स्थापित किया गया कमलापुर थाना अब सिमटकर मात्र 37 से 38 गांव तक रह गया है। 15 फरवरी से लागू की गई व्यवस्था के अनुसार चापडा पुलिस चौकी को बागली थाने में सम्मिलित कर दिया गया है, जबकि कमलापुर थाना क्षेत्र के 15 गांव को वापस बागली थाने में और दो गांव को हाटपिपलिया थाने में जोड़ दिया गया है।

गौर तलब है कि बढ़ते प्रशासनिक कार्यभार और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य पहले कमलापुर को पूर्ण थाने का दर्जा दिया गया। स्थानीय नागरिकों ने इस फैसले को लेकर मिश्रित प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही है कुछ लोगों का कहना है कि दूरी कम होने से उन्हें प्रशासनिक कार्यों में सुविधा मिलेगी। वहीं अन्य लोगों का मानना है कि बार-बार सीमा परिवर्तन से आमजन में भ्रम की स्थिति बनती है। अब स्थिति यह है कि जितने गांव पहले कमलापुर पुलिस चौकी के अंतर्गत आते थे लगभग उतने गांव वर्तमान में थाना कमलापुर क्षेत्र के रह गए हैं। इससे थाना क्षेत्र की प्रभावशीलता और संसाधनों के उपयोग पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रशासन की ओर से अभी तक इस बदलाव को लेकर विस्तृत आधिकारिक कारण सार्वजनिक नहीं किए गए हैं लेकिन माना जा रहा है कि क्षेत्रीय संतुलन और बेहतर कानून व्यवस्था की दृष्टि को देखते हुए यह निर्णय लिया है।

## खबर संक्षेप

### युवती लापता, गुमशुदगी का मामला दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक मोहल्ले से एक 19 वर्षीय युवती रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री 19 वर्षीय पुत्री 13 फरवरी की रात करीब 9 बजे से लापता है। परिजनों द्वारा आसपास व रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन की गई, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं लग सका। युवती घर पर अपना मोबाइल फोन छोड़कर गई थी। बताया गया कि लापता युवती की लंबाई लगभग 5 फुट 3 इंच है, रंग गोरा है और घटना के समय उसने काले रंग की पैंट व काली जैकेट पहन रखी थी। काफी प्रयासों के बाद भी जानकारी न मिलने पर पिता ने 14 फरवरी को कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 87 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### अमर बलिदानियों के कारण ही आज हम सुरक्षित हैं: शर्मा

**सीहोर।** कांग्रेसजनों ने पुलवामा में आतंकियों द्वारा भारत के वीर जवानों पर किए गए कायराना हमले की बरसी पर स्कूल और कॉलेज के छात्रों के साथ वीर जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। सबसे पहले उपस्थितजनों ने वीर जवानों के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। तत्पश्चात सभी ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों की आत्मशांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की और उनके परिजनों को इस दुख से उबारने हेतु ताकत देने की भी प्रार्थना की। इस मौके पर उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने कहा कि सात साल पहले आज ही के दिन 2019 में आतंकवादियों ने कायराना हरकत करते हुए भारत के वीर जवानों पर धोखे से हमला कर दिया था, जिसमें हमारे देश के 40 वीर जवान शहीद हो गए थे। आज हम सब उन्हीं के याद में यहां एकत्रित हुए हैं और उन्हें अपने हृदय की गहराइयों से नमन करते हैं। पंकज शर्मा ने आगे कहा कि ऐसे वीर जवान सीमा पर अपनी जान की बाजी लगा देते हैं और देश की रक्षा के लिए शहीद हो जाते हैं, ऐसे वीर जवानों के कारण ही हम देश में सुरक्षित हैं और चैन का जीवन जी पा रहे हैं। ये जवान हमारे चैन और सुकून के लिए रात रात भर कई घंटों तक सीमा पर पहरा देते हैं लेकिन हमारे ऊपर कोई खतरा नहीं आने देते, जिससे ही आज हमारा देश सुरक्षित है और तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है।

### घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए की जा रही कार्रवाई

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग को रोकने के लिए खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों, होटलों एवं प्रतिष्ठानों पर छापामार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसाय के लिए उपयोग करने वाली दुकानों एवं संस्थानों की जांच कर उपयोग किए जा रहे।

### पाली स्थित प्रसिद्ध धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा

# नीलकंठेश्वर धाम पर महाशिवरात्रि पर भक्तों का मेला लगा, भंडारा किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर पाली स्थित प्रसिद्ध नीलकण्ठेश्वर धाम में श्रद्धालुओं का विशाल मेला में उमड़ी भारी भीड़। महाशिवरात्रि पर दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिवभक्त भगवान शिव के दर्शन-पूजन के लिए धाम पहुंचें। मंदिर परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में विशाल मेले जैसा माहौल हो गया है। इस मौके पर नीलकंठ भण्डारा समिति द्वारा शिवभक्तों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। समिति की ओर से दिनभर भण्डारा वितरण किया हुआ जिसमें आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में भोजन कराया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि भण्डारे में लाखों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कियाऔर सेवा कार्य पूरे दिन लगातार जारी है। नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है, ऐसे में नगर पंचायत द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं । उन्होंने कहा कि शिवभक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए साफ-सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है। मंदिर परिसर, मुख्य मार्गों और आसपास के क्षेत्रों में नियमित रूप से सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, जिससे रात्रि समय आने-जाने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। साथ ही, पेयजल व्यवस्था को भी दुरुस्त कर दिया गया है और जरूरत पडऩे पर अतिरिक्त पानी की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। मंदिर परिसर और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस बल दल-बल के साथ तैनात रहेगा, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या दुर्घटना से बचा जा सके। महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। श्रद्धालु इस पावन पर्व पर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक और पूजा-अर्चना कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना की ।

### महाशिवरात्रि पर गोशाला में सीडीओ ने किया नंदी पूजन



ललितपुर। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिवजी के वाहन एवं गोवंश के प्रतीक नन्दी की पूजा अर्चना का विषेश धार्मिक महत्व है, जिसके लिए सरकार द्वारा प्रदेश में संचालित समस्त अस्थाई/स्थायी गोआश्रय स्थलों में महाशिवरात्रि पर नन्दी पूजन कार्यक्रम उल्लास, गरिमामय एवं सुव्यवस्थित ढंग से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। ललितपुर की कल्याणपुरा गोशाला में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में नंदी पूजन का आयोजन किया गया। यहां पर सीडीओ शेषनाथ चौहान ने गोवंश को माला पहनाकर विधिविधान से नंदी पूजन किया और गोवंश को हरा चारा, गुड आदि खिलाया। उन्होंने मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों व ग्रामवासियों को गो संरक्षण एवं गो संवर्धन हेतु सामूहिक संकल्प दिलाया। इसके उपरांत उन्होंने गौशाला का निरीक्षण किया, जहां 1312 गौवंश संरक्षित पाए गए तथा 150 कुंतल भूसा, 36 कुंतल चुनी एवं 54 कुंतल साइलेज उपलब्ध मिला। सीडीओ ने ग्राम पंचायत सचिव को गोशाला में सफाई कराने एवं पानी की व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए, जिससे आगे गर्मी के मौसम में गौवंशों को पानी की कोई परेशानी ना हो। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को हरा चारा की बुवाई कराने के निर्देश दिए, साथ ही सघन वाटिका का निरीक्षण भी किया।

### डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

## किसानों को मांग अनुसार पानी देने के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुंदेलखंड क्षेत्र को हराभरा बनाने की दिशा में सरकार द्वारा उठाए जा रहे ठोस कदमों के तहत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने तालबेहट क्षेत्र स्थित शहजाद बांध स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना का औचक निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने पंप हाउस सहित परियोजना के सभी संयंत्रों का जायजा लिया और निर्देश दिए कि किसानों को उनकी मांग के अनुरूप समय पर सिंचाई का पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें अन्य स्त्रोतों पर निर्भर न रहना पड़े। डीएम ने कहा कि किसान की समृद्धि से ही देश की समृद्धि संभव है। सरकार की प्राथमिकता है कि बुन्देलखण्ड पैकेज के तहत संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम किसान तक पहुंचे। एसपी ने भी परियोजना की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए सुरक्षा व संचालन में समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। बताया गया कि भारत सरकार के नीति आयोग के बुन्देलखण्ड पैकेज के अंतर्गत इस परियोजना को वर्ष 2018 में स्वीकृति मिली थी। परियोजना पूर्ण होने के बाद अप्रैल 2025 में उत्तर प्रदेश शासन के मुख्य सचिव द्वारा भी इसका निरीक्षण किया जा चुका है। अधिकारियों को जानकारी दी गई कि शहजाद बांध स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना के अंतर्गत 2 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है। विद्युत आपूर्ति 220/33 केवी कल्याणपुरा उपकेन्द्र से की जा रही है। पंप हाउस में 315 किलोवाट क्षमता के तीन वीटी पंप स्थापित हैं, जिनके माध्यम से करीब 123 किलोमीटर लंबी वितरण प्रणाली बिछाई गई है। इस परियोजना से वर्तमान में 1740 हेक्टेयर भूमि (1014 हेक्टेयर रबी एवं 726 हेक्टेयर खरीफ) की सिंचाई हो रही है, जिससे 1500 से अधिक किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। सौर ऊर्जा के कैप्टिव उपयोग से पंप कैनालों का संचालन किया जा रहा है।

## अभा विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर फल बांटे




हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

विश्वकर्मा समाज के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम आसरे विश्वकर्मा के जन्मदिन पर महरौनी में सेवा भाव का अनुकरणीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगठन जिलाध्यक्ष महेंद्र झा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महरौनी पहुंचकर मरीजों को फल वितरित कर जन्मदिन मनाया। मुख्य अतिथि झां समाज जिलाध्यक्ष नीलेश झा (सैदपुर) उपस्थित रहे। इसके उपरांत जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉल के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। चिकित्सा अधिकारी एम.पी. सिंह राजपूत सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें लक्ष्मी नारायण ताम्रकार (नगर संरक्षक), भैरोप्रसाद विश्वकर्मा (ब्लॉक संरक्षक), दयाराम विश्वकर्मा (जिला महासचिव), महेश झा (नगर अध्यक्ष), राजेश झा (जिला प्रवक्ता), अवध बिहारी झा (जिला कार्यकारिणी सदस्य), शीतल प्रसाद विश्वकर्मा (ब्लॉक महासचिव), राजाराम झा (नगर उपाध्यक्ष), मनीष विश्वकर्मा (नगर महासचिव), शिवशंकर विश्वकर्मा (भौंडी ब्लॉक प्रभारी), नितिन झा, सौरभ झा (नगर कोषाध्यक्ष), मनीष झा (छायन ब्लॉक सचिव), रामजी झा, राजेश झा (जिला कार्यकारिणी सदस्य), अनिल झा (सैदपुर), उदय कुमार झा, अंशुल झा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। जिलाध्यक्ष महेंद्र झा एवं नगर अध्यक्ष महेश झा ने आभार जताया।

### पुलिस का बड़ा एक्शन, सीसीटीवी व सर्विलांस से हुआ खुलासा

# दुकान में चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।



जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दुकान में हुई चोरी की सनसनीखेज घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से इन्वर्टर, बैटरी और प्रिंटर बरामद किए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में की गई। पुलिस का कहना है कि जनपद में चोरी, नकबजनी व संपत्ति संबंधी अपराधों पर सख्ती से अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कोतवाली ललितपुर क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर निवासी दुकानदार रवि कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 11 फरवरी की रात वह अपनी मोबाइल व कम्प्यूटर से संबंधित दुकान बंद कर घर चला गया था। 12 फरवरी की सुबह जब दुकान खोली तो ताले टूटे मिले और दुकान के अंदर रखा इन्वर्टर, बैटरी, प्रिंटर सहित अन्य सामान गायब था। चोरी की इस वारदात से व्यापारी वर्ग में दहशत फैल गई थी। तहरीर के आधार पर कोतवाली ललितपुर में मुकदमा संख्या 166/2026 धारा 305 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू की गई।

### सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीमें गठित कीं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। साथ ही तकनीकी व मैनुअल सर्विलांस के जरिए संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी गई। कड़ी मेहनत और सटीक पुलिसिंग के बाद पुलिस ने तीनों अभियुक्तों की पहचान कर उन्हें दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में सुब्बन उर्फ प्रकाश पुत्र कुदऊ, राकेश बरार पुत्र शेखर एवं सुनील पुत्र खेतसिंह निवासी भदइयापुरा बताये गये हैं। कब्जे से चोरी गया एक अदद प्रिंटर, एक अदद इन्वर्टर तथा एक अदद बैटरी बरामद की है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### मारपीट, गाली-गलौज, एक आरोपी हिरासत में

# लाइनमैन से मारपीट करने पर भड़के बिजली कर्मी, 5 घंटे अंधेरे में रहे आधा दर्जन गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालबेहट क्षेत्र में शनिवार रात लाइनमैन से मारपीट की घटना के बाद विद्युत कर्मियों का आक्रोश फूट पड़ा। विरोध में बिजली आपूर्ति ठप कर दी गई, जिससे तालबेहट कस्बा और आसपास के 15 से अधिक गांव करीब पांच घंटे तक अंधेरे में डूबे रहे। पुलिस कार्रवाई और एक आरोपी को हिरासत में लिए जाने के बाद ही देर रात आपूर्ति बहाल हो सकी। घटना शनिवार रात करीब 10 बजे की है। ग्राम जखौरा निवासी लाइनमैन शंकर सिंह तिराहे के पास टूटे विद्युत तार को ठीक कर रहे थे। तार जोडऩे के बाद जब वह पावर हाउस को फोन कर सप्लाई चालू कराने की बात कर रहे थे, तभी तीन युवक तारों के नीचे खड़े मिले। हटने को कहने पर आरोप है कि मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी के खनियाधाना निवासी अभिषेक यादव, तालबेहट के रानीपुरा निवासी अभि यादव और पटारन निवासी विशाल यादव ने गाली-गलौज करते हुए शंकर सिंह के साथ मारपीट की। बचाव में पहुंचे विद्युत कर्मी ब्रजपाल के साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। विद्युत कर्मियों का गुस्सा सिर्फ इसी घटना तक सीमित नहीं रहा। इसी दिन दोपहर ग्राम ककड़ारी में बिल वसूली के दौरान अवर अभियंता कृष्ण कुमार शुक्ला के साथ अभद्रता कर उनका लैपटॉप तोड़ दिया गया। वहीं ग्राम बिहारी में भी एक उपभोक्ता द्वारा विद्युत कर्मियों से बदसलूकी की गई।

### यह एफआईआर दर्ज हुई

थाना तालबेहट में लाइनमैन शंकर सिंह की तहरीर पर एफआईआर संख्या 0047/2026 दर्ज की गई है। मामले में बीएनएस की धाराएं 115(2), 351(3) और 352 (मारपीट, आपराधिक बल प्रयोग/धमकी से संबंधित) लगाई गई हैं। एफआईआर में अभिषेक यादव, अभि यादव और विशाल यादव नामजद हैं, जबकि दो अन्य अज्ञात आरोपी भी शामिल बताए गए हैं। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर किसान से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर।

तालबेहट थाना क्षेत्र में गाली-गलौज का विरोध करना एक किसान को भारी पड़ गया। आरोप है कि दबंग ने लाठी-डंडों व चाकू से हमला कर किसान और उसकी पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना तालबेहट के ग्राम हरपुर मजरा मंझरा निवासी तिजू पुत्र बुद्धे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 फरवरी की रात करीब तीन बजे वह अपने खेत स्थित कुंए पर मौजूद था। इसी दौरान गांव का ही संजय ठाकुर पुत्र गुडडे वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने लाठी-डंडों से तिजू के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई पत्नी राधा उर्फ रधिया पर भी आरोपी ने चाकू और लाठी से हमला कर दिया, जिससे दोनों को शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि हमले के दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद घायलों का उपचार कराया गया। थाना तालबेहट पुलिस ने एफआईआर संख्या दर्ज कर ली है।

### बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल

ललितपुर। महरौनी थाना क्षेत्र में लापरवाही से बाइक चलाने का मामला सामने आया है। थाना महरौनी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक नामजद आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मोहल्ला मलैयापुरा निवासी पीयूष शुक्ला पुत्र सुरेश कुमार शुक्ला ने बताया कि 5 फरवरी 2026 की रात करीब 9.30 बजे वह अपनी मोटर साइकिल (रॉयल एनफील्ड हंटर) से इंदिरा चौराहा, महरौनी-टीकमगढ़ बस स्टैंड के पास पुलिया के नजदीक खड़ा था। उसी दौरान नाराहट रोड की ओर से तेज व लापरवाही से आ रही एक मोटरसाइकिल (यू.पी.94 एल 8116) ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। बताया गया कि टक्कर मारने वाली बाइक पर सवार तीनों लोग नशे की हालत में थे। हादसे में पीयूष शुक्ला की मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। उनके दाहिने हाथ में फ्रैक्चर, सीने की पसली व कॉलर बोन में भी फ्रैक्चर बताया गया है।

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय छिल्ला में कार्यक्रम हुआ

## महिला अधिकार, पॉक्सो व साइबर अपराध पर जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पूर्व माध्यमिक विद्यालय छिल्ला में किशोरियों एवं महिलाओं के अधिकारों को लेकर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत पॉक्सो कानून, डिजिटल साइबर क्राइम, जल्द विवाह जैसे गंभीर विषयों पर लगभग 105 किशोरियों को अलग-अलग गतिविधियों, समूह चर्चा और संवादात्मक माध्यमों से विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि वर्तमान समय में ललितपुर जिला में विशेष रूप से कम उम्र में विवाह, पॉक्सो से जुड़े अपराध, मोबाइल फोन के माध्यम से होने वाली डिजिटल हिंसा, ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

कई बार जानकारी के अभाव में किशोरियां और महिलाएं इन अपराधों की गंभीरता को समझ नहीं पातीं और हिंसा या शोषण का शिकार हो जाती हैं। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने किशोरियों को यह समझाया कि पॉक्सो कानून के तहत उनके क्या अधिकार हैं, किसी भी प्रकार की ऑनलाइन या ऑफलाइन हिंसा की स्थिति में वे कहां और कैसे शिकायत दर्ज करा सकती हैं, तथा सोशल मीडिया और मोबाइल के सुरक्षित उपयोग के क्या उपाय हैं। साथ ही, जल्द विवाह के दुष्परिणामों पर भी विस्तार से चर्चा की गई और शिक्षा व आत्मनिर्भरता को जीवन में आगे बढऩे का प्रमुख माध्यम बताया गया। इस जागरूकता अभियान का संचालन सहजनी शिक्षा केन्द्र अभियान द्वारा किया जा रहा है। अभियान से जुड़ी कार्यकर्ताओं ने बताया कि संस्था द्वारा जिले के विभिन्न ब्लॉकों और गांवों में बड़ी उम्र की किशोरियों के साथ निरंतर संवाद, प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण के खिलाफ आवाज उठा सकें। कार्यक्रम के अंत में किशोरियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और सवाल-जवाब के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

### मिशन शक्ति 5.0 के तहत जिले में चला व्यापक जागरूकता अभियान

## महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मनिर्भरता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज- 5.0 अंतर्गत जिले में रविवार को महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, आत्मसम्मान और विश्वास का वातावरण बनाना रहा। यह कार्यक्रम एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में संचालित किया गया। इसके तहत जनपद के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों एवं एंटी रोमियो टीमों ने बस अडडों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों तथा गांव-गांव जाकर महिलाओं और किशोरियों को जागरूक किया।

अभियान के दौरान महिलाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीडऩ से बचाव, साइबर अपराधों के नए तरीकों तथा कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीमों ने विशेष रूप से यह स्पष्ट किया कि साइबर अपराधी अक्सर डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी को साझा न करने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम द्वारा आपात सहायता से जुड़े हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें 112 (आपातकालीन सेवा), 1090/1091 (महिला सुरक्षा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध) और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) शामिल हैं। महिलाओं को इन नंबरों के त्वरित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीडऩ या साइबर ठगी की सूचना मिलने पर पुलिस पूरी गंभीरता और तत्परता से कार्रवाई करेगी। अभियान के माध्यम से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने और समाज में सुरक्षा की भावना मजबूत करने का संदेश दिया गया।

### घटना स्थल से ठेकेदार ने निर्माण में लगी मशीनें की गायब

# पीएम सड़क की रिटर्निंग वाल धंसने से दो मजदूर दबे, एक की मौत, एक घायल

*बालाजी कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्मित वाल निर्माण कार्य में दस लोग हरिपुर बेरासिया से सारंगपुर के निपनिया तुला पहुंचे थे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सारंगपुर तहसील के ग्राम निपानिया तुला में प्रधानमंत्री सड़क की वाल निर्माण कार्य करने पहुंचे ग्राम हरिपुर बड़ा बेरासिया थाना नजीराबाद के 10 मजदूर को क्या पता था कि मजदूरी करने जाएंगे और मजदूरी के दौरान काल उनके ऊपर समा जाएगा। 15 वर्ष पुरानी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क धंसने के बाद प्रधानमंत्री सड़क योजना के अधिकारियों ने सड़क को सुगम बनाने के उद्देश्य से वाल निर्माण का टेंडर जारी किया। बालाजी कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार शिव लखन सिंह तोमर निवासी ग्वालियर के माध्यम से कार्य प्रारंभ किया, लेकिन निर्माण एजेंसी एवं संबंधित ठेकेदार की लापरवाही इतनी भारी पड़ी की एक मजदूर का बेटा मौत की कोख में समा गया तो दूसरा गंभीर हालत में सारंगपुर अस्पताल में जीवन एवं मौत से संघर्ष कर रहा है।

घटना की जानकारी लगते ही प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हुआ और राजस्व विभाग से लेकर पुलिस विभाग के अधिकारी इस घटना को लेकर लगातार संपर्क में थे इसी क्रम में सारंगपुर सिविल अस्पताल में एसडीओपी अरविंद सिंह घायल एवं मृतक को देखने पहुंचे एवं उनके परिजनों को सांत्वना दी मृतक के पिता ने रो रो कर बताया कि हमें क्या मालूम था कि ऐसी मजदूरी करेंगे मजदूरी करने हम 10 लोग आए थे ठेकेदार ने सड़क का वाल निर्माण का कार्य बताया उसी अनुसार काम चालू किया, लेकिन सामग्री कितनी गुणवत्तापूर्ण थी इसकी जानकारी हमें नहीं है और ना ही किसी प्रकार से हमें सुरक्षा उपाय दिए गए थे ऐसे में वाल की दीवाल गिरी और मेरा बच्चा मौत के मुंह में समा गया।



इस संबंध में विभाग के इंजीनियर जगदीश पाटीदार ने बताया कि मजदूरों द्वारा काम किया जा रहा था मिट्टी धंसने से दो मजदूर निर्माणाधीन रिटर्निंग वाल टूटने से दब गए थे जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई दूसरे का उपचार जारी है। वहीं समाचार लिखे जाने तक सारंगपुर के सिविल अस्पताल में मजदूरों की चीख पुकार घटना का दर्द बयां कर रही थी ऐसे में मजदूर के बेटे की मौत होना कहीं ना कहीं ठेकेदार की घोर लापरवाही का नतीजा है देखना है कि संबंधित ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी के विरुद्ध प्रशासन क्या कदम उठाता है फिलहाल तो मृतक का पोस्टमार्टम के लिए नियत स्थान पर रखा गया है एवं दूसरे घायल का इलाज जारी है।

#### कैसे हुआ हादसा

सारंगपुर के लीमाचौहान थाने के गांव निपानिया तुला की पूर्व से निर्मित प्रधानमंत्री सड़क का कटाव हो जाने के बाद विभाग द्वारा सड़क दुरुस्ती करण के लिए टेंडर जारी किया गया उसमें मजदूर कार्यरत थे। ग्रामीणों ने बताया कि सभी मजदूर बगैर सुरक्षा के कार्य कर रहे थे कि अचानक मिक्सर मशीन का दबाव जमीन पर आया और दीवार पर लगा जिससे मिट्टी धंसने से दो मजदूर दब गए जिसमें एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई वही दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूरों की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण सहायता के लिए पहुंचे और पुलिस को खबर दी पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से गिरी हुई रिटर्निंग बाल में दबे हुए मजदूरों को निकाला तब तक ठेकेदार निर्माण कार्य में लगी समस्त मशीनें लेकर रफूचक्कर हो गया। घटना में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

#### इनका कहना है...

घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। मौके पर इंजीनियर को भेजा गया है। कितने रुपए का कार्य है मुझे नहीं मालूम। इंजीनियर से पूछ लो एक हजार काम चलते हैं किस किस को बताऊंगा।

राहुल वर्मा
जीएम प्रधानमंत्री ग्राम सड़क राजगढ़

मजदूरों की ओर से ठेकेदार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही।

अरविंद्र सिंह
एसडीओपी सारंगपुर

## मंत्री पंवार ने ब्यावरा विधानसभा की 5 पंचायतों को दी विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



क्षेत्र के समग्र विकास को नई गति देते हुए मंत्री नारायण सिंह पंवार ने ग्राम पंचायत भवानीपुरा, रामगढ़, पुराबरायठा, पांजरा एवं पगारा में लगभग 1 करोड़ 76 लाख से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। इन पंचायतों में पुलिया निर्माण, बाउंड्री वॉल,सीसी रोड, पेवर्स कार्य एवं सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन, सामाजिक कार्यक्रमों एवं जनसुविधाओं में बड़ी राहत मिलेगी। इस दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि हमारा प्रत्येक कार्य जनता जनार्दन की मांग और आवश्यकता के अनुरूप होता है। जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना ही हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पुलिया निर्माण से जहां किसानों और विद्यार्थियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, वहीं सामुदायिक भवन सामाजिक गतिविधियों और जनसंपर्क का सशक्त केंद्र बनेंगे।

मंत्री पंवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विश्व में अग्रणी राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और वैश्विक स्तर पर भारत की साख लगातार मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में कार्य कर रही है और यह सब जनता के विश्वास और आशीर्वाद का परिणाम है। मंत्री पंवार ने मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास, सड़क, सिंचाई, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं स्वरोजगार को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण जैसी योजनाओं ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान की है।

### पीएम श्री कन्या विद्यालय खुजनेर में शाला प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



**खुजनेर।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिनों शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के विकास और शैक्षणिक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई बैठक में अध्यक्षता उपाध्यक्ष बाबू लाल कुशवाहा ने की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों का विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया। जनप्रतिनिधियों की सहभागिता बैठक में नगर के पार्षद लोकेन्द्र यादव एवं गिरिजा शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु अपने सुझाव साझा किए। प्रबुद्ध समाजसेवी अरविन्द गुप्ता ने भी बैठक में शिरकत की और छात्राओं की शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया विद्यालय के प्राचार्य हितेश सोनी ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की कार्यक्रम में रमण कुशवाहा, माया यादव रूपा चतुर्वेदी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा, जिन्होंने बैठक के एजेंडे पर अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक के अंत में शाला विकास के संकल्प के साथ सभी का आभार व्यक्त किया गया।

### स्वास्थ्य व पुलिस विभाग की संयुक्त बैठक

## शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य मेडीको-लीगल प्रकरण (एमएलसी) रिपोर्ट की पेंडेंसी, नारकोटिक्स नियंत्रण एवं मेडिकल स्टोर्स की निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करना रहा।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देशित किया कि जिले के सभी मेडिकल स्टोर्स पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाएं तथा उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि एमएलसी रिपोर्ट की लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए और भविष्य में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निपटारा करें।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से इंजेक्शन 'एविल' सहित संवेदनशील दवाओं की बिक्री पर सतर्क दृष्टि रखने तथा मेडिकल स्टोर्स का रेंडम निरीक्षण करने के निर्देश दिए। औषधि निरीक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों को नियमित जांच अभियान चलाने के लिए कहा गया। बैठक में अनुपस्थित रहने पर संबंधित सीबीएमओ के विरुद्ध कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि शासकीय कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी ने भी नारकोटिक्स नियंत्रण एवं एमएलसी प्रकरणों में पुलिस- स्वास्थ्य विभाग के समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अवैध दवा बिक्री एवं मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जिला स्तरीय सतर्कता व मॉनिटरिंग समिति की बैठक संपन्न

### अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रकरणों की समीक्षा



**राजगढ़।** अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), संबंधित थाना प्रभारी एवं तहसीलदार उपस्थित रहे। बैठक में थानावार लंबित प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा निर्देश दिए गए कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के व्यक्तियों से संबंधित प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अपराधों की रोकथाम हेतु प्रभावी निगरानी, संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने तथा पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाने पर विशेष जोर दिया गया।

जिला लोक अभियोजक को निर्देशित किया गया कि वे अधिनियम के अंतर्गत दर्ज प्रकरणों में नियमित अर्द्धवार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करें तथा न्यायालय में शीघ्र चालान प्रस्तुत कर प्रकरणों के त्वरित निराकरण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा बैठक में स्पष्ट किया गया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिकारों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार के अत्याचार या भेदभाव को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### संत शिरोमणि रविदास के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत : मंत्री टेटवाल



**सारंगपुर।** नरसिंह मंदिर प्रांगण, संडावता में संत शिरोमणि रविदास की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री डॉ गौतम टेटवाल ने संत रविदास के जीवन एवं विचारों को समाज के लिए मार्गदर्शक बताया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने अपने उपदेशों से सामाजिक कुरीतियों, आडंबरों और जातिगत भेदभाव पर प्रहार करते हुए समानता और समरसता का संदेश दिया। उन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा उक्ति को आत्मशुद्धि और सामाजिक सद्भाव का मूल मंत्र बताया। मंत्री टेटवाल ने कहा कि संत रविदास जी ने निर्गुण भक्ति के माध्यम से यह सिद्ध किया कि ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग शुद्ध मन और श्रेष्ठ कर्मों से होकर जाता है। उन्होंने शोषित एवं वंचित वर्ग को सम्मान और आत्मविश्वास प्रदान किया। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के सहयोग से वाराणसी स्थित संत रविदास मंदिर के शिखर का स्वर्ण मंडन किया गया है। साथ ही 647 वीं जयंती पर सीर गोवर्धन स्थित मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विशाल प्रतिमा का अनावरण संत के विचारों के राष्ट्रीय सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया ने सामाजिक समरसता, नशामुक्ति एवं नैतिक जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों का भूमि पूजन

## मुंडला बारोल में 1.39 करोड़ के हाई स्कूल भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक मोहन शर्मा द्वारा ग्राम मुंडला बारोल में 1 करोड़ 39 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन हाई स्कूल भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधारभूत संरचना तैयार करना शासन की प्राथमिकता है, जिससे ग्रामीण विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। इसी क्रम में ग्राम मानपिछोड़ी में प्रधानमंत्री सड़क से छापरीखुर्द तक 20 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। साथ ही ग्राम आवली में पंचायत भवन के पास 40 लाख रुपये की पुलिया निर्माण, ग्राम झाड़ला में 20 लाख रुपये की सीसी सड़क, ग्राम सूकल्या में चौक से भील मोहल्ले तक 25 लाख रुपये की सीसी सड़क तथा ग्राम तिन्दोनिया (देवगढ़) में 5 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त 10 लाख रुपये की लागत से एक अन्य पुलिया निर्माण कार्य तथा ग्राम माना, बिजौरी और तरेनी धाकड़ में लगभग 2 करोड़ 16 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन भी संपन्न हुआ। विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास, बेहतर आवागमन सुविधा एवं जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पानी का टैंकर पलटने से स्विफ्ट डिजायर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ




**जीरापुर।** नगर के खिलचीपुर नाका पर तेज गति से आ रहे पानी के ट्रैक्टर-टैंकर के पलटने से अफरा-तफरी मच गई। टैंकर पलटनें से नाका के समीप खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार आई चपेट में। जीरापुर के व्यस्ततम मार्ग खिलचीपुर नाका पर शुक्रवार रात्रि लगभग सात बजे एक पानी का ट्रैक्टर - टेंकर तेज गति से आ रहा था जोकि किसी पशु को बचाने के चक्कर में पलट गया जिसमें नाका के समीप खड़ी स्विफ्ट डिजायर कार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के दौरान टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे कार का अगला हिस्सा टैंकर की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस अनहोनी घटना में किसी भी तरह की कोई जन हानि नहीं हुई , सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे तथा स्थिति को नियंत्रित किया। दुर्घटना के कारण मार्ग पर कुछ समय तक यातायात बाधित रहा। पुलिस द्वारा अपराध क्रमांक कवन धारा 281 बीएनएस तथा 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा का दावा करने वाला अस्पताल निरीक्षण में मिला बंद

### डॉक्टर की टीम ने बनाया पंचनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-कुरावर

निजी स्वास्थ्य सेवाओं की सच्चाई उस समय सामने आ गई जब डायरेक्ट्रेट के आदेश पर जांच करने पहुंची डॉक्टरों की टीम को श्री देव हॉस्पिटल कुरावर के मुख्य गेट पर ताला लटका मिला। टीम ने करीब 45 मिनट तक अस्पताल प्रबंधन के आने का इंतजार किया, लेकिन जब कोई नहीं पहुंचा तो मौके पर पंचनामा बनाकर पूरी स्थिति दर्ज करनी पड़ी। हालांकि प्रबंधक के बड़े भाई धीरज सिंह वहां पहुंचे थे परंतु वह भी जांच टीम को अस्पताल संबंधी आवश्यक दस्तावेज में असमर्थ रहे। जब स्वास्थ्य सेवाएं यदि निजी अस्पताल के रूप में शुरू की जाती हैं तो प्राथमिकता रहती है कि 24 घंटे अस्पताल खुला रहे एवं डॉक्टर की व्यवस्था रहे। परंतु देव अस्पताल में जब जांच टीम पहुंची तब ताला डला हुआ था। ऐसे में निरीक्षण के समय बंद मिलना स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर लापरवाही माना जा रहा है। जांच करने कुरावर श्री देव अस्पताल पहुंच दल में डॉ जेके शाक्य की अध्यक्षता में सहयोगी सदस्य में रूप में डॉ गौरव त्रिपाठी, डॉ मनीष चौहान एवं डॉ लखन दांगी सम्मलित रहे एवं नायब तहसीलदार तथा उपनिरीक्षक थाना कुरावर भी मौजूद रहे।







#### 1 महीने बाद भी अस्पताल क्यों नहीं दिखा पाए दस्तावेज

दिसंबर माह में जब सिविल सर्जन कुरावर के देव अस्पताल की जांच करने सीएमएचओ के निर्देश पर पहुंचे थे तब भी वहां पर डॉक्टर मौजूद नहीं था और नर्सिंग स्टॉफ ही दिखा था। इस पर सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने अस्पताल के संचालक से आवश्यक दस्तावेज के साथ सीएमएचओ ऑफिस में उपस्थित होने के निर्देश दिए थे जिस पर आज 1 महीने निकलने के बाद भी अस्पताल संचालक द्वारा संचालन के लिए आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए।

#### इनका कहना है...

मेरी जांच टीम से बात हो गई थी पर वो रुके ही नहीं।

डॉ प्रेम गुर्जर, संचालक देव हॉस्पिटल

## जूनियर डॉक्टरों की स्टाइपेंड वृद्धि की मांग, 15 दिन में निर्णय नहीं तो हड़ताल की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन ने रेजिडेंट डॉक्टरों की वार्षिक स्टाइपेंड वृद्धि लागू करने की मांग को लेकर डीन मनीष निगम को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव डॉ विमल मेहरा ने बताया कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में इंटर्न, पीजी, एसआर, जेआर और सुपर स्पेशियलिटी रेजिडेंट डॉक्टरों के स्टाइपेंड में प्रतिवर्ष अप्रैल में वृद्धि का प्रावधान है, जिसका पालन पूर्व वर्षों में होता रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 की वेतनवृद्धि जनवरी 2026 तक लागू नहीं होने से डॉक्टरों को आर्थिक व मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ती महंगाई, आवास, भोजन और शैक्षणिक जरूरतों को देखते हुए वृद्धि अत्यंत आवश्यक है। डॉ मेहरा ने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों में निर्णय नहीं हुआ तो जूडा विदिशा हड़ताल जैसे कठोर कदम उठाने को मजबूर होगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## अवैध चलते 12 वाहन पकड़े, 58 हजार वसूले




**विदिशा।** कलेक्टर के निर्देशों के पालन में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा नटेरन एवं अशोकनगर रोड क्षेत्र में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

कार्रवाई के दौरान 12 वाहन नियम विरुद्ध संचालित पाए गए, जिन पर चालानी कार्रवाई करते हुए चार वाहनों से 58 हजार का जुर्माना वसूला गया। शेष 8 वाहनों को प्रकरण निराकरण तक जब्त कर पुलिस थाना परिसर नटेरन व करारिया में खड़ा कराया है। जब्त वाहनों में सांदीपनि स्कूल नटेरन में संचालित बस सहित 2 स्कूल बसें शामिल हैं। परिवहन विभाग के अनुसार जप्त वाहनों से लगभग 2 लाख राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।